# AI-1423

**M. A. (Final)**

**Term End Examination, 2020-21**

**HINDI**

***Paper : Third***

**भारतीय साहित्य**

***Time Allowed : Three hours***

***Maximum Marks : 100***

***Minimum Pass Marks : 36***

***नोट** : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।*

1. भारतीय साहित्य के अध्ययन की समन्वित दृष्टि किस तरह विकसित की जानी चाहिए? इस दृष्टि के विकास के प्रयत्नों में उत्पन्नों होने वाली समस्याओं पर प्रकाश डालिये। 15





**अथवा**

भारतीय समाज की मूल्य–प्रणाली पर अपने विचार व्यक्त करते हुए स्पष्ट कीजिये कि हिन्दी–साहित्य में भारतीय मूल्य किस तरह प्रकट होते हैं?

2. बांगला के नवजागरणकालीन साहित्य के विकास पर प्रकाश डालिये। 15

**अथवा**

उड़िया के मध्ययुगीन साहित्य पर प्रकाश डालिये।

3. अंग्रेजी के विक्टोरिया कालीन उपन्यासों और हिन्दी के प्रेमचंद युगीन साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत कीजिये। 15

**अथवा**

हिन्दी छायावादी काव्य के स्वच्छंदतावादी स्वभाव का विवेचन करते हुए अंग्रेजी के स्वच्छंतावादी काव्य के साथ उसकी तुलना कीजिये।

4. 'मृत्युंजय' उपन्यास के कथ्य की समीक्षा कीजिये। 15

**अथवा**

'हयवदन' के मिथक को गिरीश कर्नाड ने किस तरह एक पुष्ट और संतुलित कथावस्तु में ढाला है? विवेचन कीजिये।

5. निम्नांकित किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणी लिखिये— 5×4=20

(i) भारतीय साहित्य में एकता के तत्व।

(ii) भारतीयता का समाजशास्त्र।

(iii) असमिया साहित्य का दरबारी रूप।

(iv) बंगाल के चर्यागीत।

(v) रवींद्रनाथ ठाकुर का काव्य।

(vi) फकीर मोहन सेनापति का साहित्य।

(vii) सीताकांत महापात्र का साहित्यिक परिचय।

(viii) 'वर्षा की सुबह' कविता का भावबोध।

(ix) 'हयवदन' नाटक का उद्देश्य।

6. निम्नांकित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से किन्हीं **बीस** प्रश्नों के उत्तर दीजिये— 20×1=20

(i) 'सिप्पलादिकारम्' किस भाषा का प्राचीन महाकाव्य है?





(ii) किसी एक प्रेमाख्यानक काव्य का नामोल्लेख कीजिये।

(iii) बहुसांस्कृतिकता से क्या आशय है?

(iv) चण्डीदास किस भाषा के कवि थे?

(v) संगम साहित्य किस भाषा से संबंधित है?

(vi) 'हयवदन' किस विधा की कृति है?

(vii) 'मृत्युंजय' के लेखक का नाम बताइये।

(viii) सारला दास किस भाषा के साहित्यकार हैं?

(ix) गोपीनाथ मोहंती किस भाषा के साहित्यकार हैं?

(x) 'कृत्तिवास रामायण' किस भाषा में रचा गया है?

(xi) बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की किसी एक औपन्यासिक रचना का शीर्षक लिखिये।

(xii) बलराम दास, जगन्नाथ दास, अनंत दास, यशवंत दास और अच्युतानंद दास आदि कवियों को सम्मिलित रूप से किस नाम से जाना जाता है?

(xiii) 'उड़ीसा के व्यास' के नाम से किस उड़िया कवि को जाना जाता है?

(xiv) असम में नव वैष्णव आंदोलन का प्रवर्तन किस संत कवि ने किया था?

(xv) भारतीय भाषाओं में से सर्वाधिक प्राचीन भाषा किसे माना जाता है?

(xvi) 'वंदेमातरम' राष्ट्रगीत किस बांग्ला उपन्यास से लिया गया है?

(xvii) 'वर्षा की सुबह' काव्य-संकलन के रचनाकार का नाम लिखिये।

(xviii) 'गोरा' उपन्यास किस भाषा में लिखा गया उपन्यास है?

(xix) 'रामायण' के रचनाकार का नाम लिखिये।

(xx) शरतचंद्र चट्टोपाध्याय किस भाषा के लेखक थे?

(xxi) 'मेघनाद वध' किस भाषा की रचना है?

(xxi) 'जात्रा' का प्रचलन किस प्रांत में है?

(xxiii) 'यक्षगान' किस प्रांत का लोकनाट्य रूप है?

(xxiv) 'मृत्युंजय' उपन्यास के किसी एक पात्र का नाम लिखिये।





(xxv) 'हयवदन' नाटक के किसी एक पात्र का नाम लिखिये।